रजिस्ट्री सं० डी-222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 27, 1969 (आश्विन 5, 1891)
No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 27, 1969 (ASVINA 5, 1891)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 6 सितम्बर 1969 तक प्रकाशित किये गये हैं :

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 6th September 1969 :

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)

—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुँच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	685
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	1099
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	977
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	3021
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	4115
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	449
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	925
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें .	349
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं .	99
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं .	556
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें . .	181
पूरक संख्या 39—	
20 सितम्बर 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट	1659
30 अगस्त 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़ें .	1673

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	685
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1099
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	977
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules, (including orders, bye-laws, etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	3021
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	4115
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	449
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	925
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta..	349
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	99
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	553
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	181
SUPPLEMENT No. 39—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 20th September 1969 ..	1659
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 30th August 1969	1673

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(कृषि विभाग—भ० कृ० अनु० परि०)

नई दिल्ली, दिनांक 16 सितम्बर 1969

सं० 29-1/69-समन्वय (1)/भा० कृ० अनु० परि०—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 29-1/69-समन्वय (1), दिनांक 16 जुलाई 1969 के सिलसिले में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की कृषि शिक्षा की स्थायी समिति में 3 सितम्बर 1969 से 7 जुलाई 1972 की अवधि तक अपने प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किए गए हैं।

1. डा० पी० एन० मेहरा,
   प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र,
   पंजाब विश्वविद्यालय,
   चंडीगढ़।

2. डा० आर० एम० चौधरी,
   डीन,
   कृषि संकाय,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी।

के० पी० ए० मेनन, संयुक्त सचिव

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1969

सं० 7-13/69-टी० 6—भूतपूर्व इस्पात खान तथा ईंधन मन्त्रालय के संकल्प संख्या 315 (1)/57 एम० 3 दिनांक 4 मई, 1957 के अनुसार भारत सरकार द्वारा स्थापित तथा शिक्षा मन्त्रालय की यथा संशोधित अधिसूचना संख्या 7-15/67-टी० 6 दिनांक 29 जून 67 द्वारा पुनर्गठित, भारतीय खनन स्कूल, धनबाद की शासी परिषद को 16 अगस्त, 1969 से भंग कर दिया गया है।

जी० एन० वासवानी, उप-शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 10 सितम्बर 1969

सं० एफ० 8-12 ए०/64/टी०-6—जैसा कि भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर की संपत्ति और निधि के प्रशासन और प्रबन्ध के लिए वर्तमान योजना के खंड 7-2 (ए०) में संस्थान के काम-काज और प्रगति की एक समीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षण की व्यवस्था है।

इसलिए, अब उक्त खंड 7.2 (ए०) द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारत के राष्ट्रपति ने संस्थान के वीक्षक (विजिटर) की हैसियत से भारतीय विज्ञान संस्थान के काम-काज की समीक्षा हेतु एक समीक्षा समिति नियुक्त की है जिसका गठन तथा जिसे सौंपे गए कार्य निम्नलिखित होंगे:—

गठन

अध्यक्ष — प्रो० टी० आर० शेषाद्रि, एफ० आर० एस०
एमीरीटस प्रोफेसर,
रसायन शास्त्र विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

सदस्य

1. डा० ए० आर० वर्मा,
   निदेशक राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
   नई दिल्ली।
2. डा० ए० के० कमल,
   अध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स और संचार इंजीनियरी
   विभाग रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की।
3. डा० वी० के० बच्छावत,
   जीव रसायन के प्रोफेसर तथा तंत्रिका रसायन
   प्रयोगशाला के निदेशक क्रिश्चियन कालेज,
   वैल्लौर।
4. डा० वल्लुरी,
   निदेशक, राष्ट्रीय वैमानिक अनुसन्धान प्रयोग-
   शाला, बंगलौर।
5. प्रो० के० बी० मेनन,
   इलक्ट्रिकल इंजीनियरी के प्रोफेसर
   भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
   खड़गपुर।
6. डा० जी० एस० लाधा,
   निदेशक ए० सी० प्रौद्योगिकी, कालेज,
   मद्रास विश्वविद्यालय,
   मद्रास-25।

सलाहकार

1. डा० डब्ल्यू० एच० पिकेरिंग,
   निदेशक, जैट प्रणोदन प्रयोगशाला,
   कलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान,
   पासाडेना, कलिफोर्निया, अमरीका।

2. डा० एम० जे० लाइटहिल, एफ० आर० एस०,
रायल सोसाइटी, अनुसन्धान प्राफेसर,
इम्पीरियल कालेज, आफ साइन्स एण्ड टैक्नोलोजी, लन्दन ।

3. विद्वान एम० एम० शेमयाकिन,
निदेशक प्राकृतिक मिश्रण रसायन संस्थान,
सोवियत रूस की विज्ञान अकादमी,
मास्को ।

सचिव श्री जी० एन० घासवानी,
उप-शिक्षा सलाहकार (तकनीकी),
शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय,
नई दिल्ली ।

विचारार्थ विषय

(i) विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में उच्च अध्ययन और अनुसन्धान के केन्द्र के रूप में संस्थान के काम-काज की सभी पहलुओं से समीक्षा करना ।

(ii) संस्थान के विकास के लिए मोटे तौर पर और विशेषत: विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नए अन्तरविषयक क्षेत्रों में और विकास की प्राथमिकताओं की दृष्टि से विभागों के बीच सहयोग के संबंध में सलाह देना; और

(iii) संस्थान के संगठन, कार्य और पुर पुनरनुस्थापन के संबंध में उसके भावी विकास के लिए आवश्यक किन्ही अन्य पहलुओं के बारे में सिफारिशें करना ।

2. समिति अक्तूबर, 1969 से बंगलौर में अपना कार्य आरम्भ कर देगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक एक प्रति निम्नलिखितों को प्रेषित कर दी जाए ।

1. **सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों ।**
2. **मुख्य सचिव, मैसूर सरकार, बंगलौर ।**
3. **कुल सचिव, भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर-12 ।**
4. **समिति के अध्यक्ष, सदस्य और सचिव ।**
5. **इंग्लैण्ड में भारत का उच्च आयोग/मास्को स्थित सोवियत रूस में भारत का दूतावास/वाशिंगटन स्थित अमरीका में भारत का दूतावास ।**
6. **भारत सरकार के सभी मंत्रालय ।**
7. अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ।

और यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाये ।

एल० एस० चन्द्रकान्त, संयुक्त शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 15 सितम्बर 1969

विषय : हिन्दी शिक्षा समिति-पुनर्गठन

सं० एफ० 1-8/69 एच०-I—शिक्षा मंत्रालय के संकल्प सं० एफ० 1-12/65 एच०-I दिनांक 4 नवम्बर 1965 में आंशिक संशोधन करते हुए उपरोक्त संकल्प में निम्नलिखित को जोड़ने का निश्चय किया जाता है । यह संशोधन तुरन्त लाग हो जाएगा ।

पैरा-I संगठन

पैरा I (XII) के बाद निम्नलिखित नई प्रविष्टि जोड़ दी जाए ।

(XIII) निदेशक, केन्द्रीय भाषा संस्थान, मैसूर ।

पैरा I की वर्तमान प्रविष्टि (XIII) को दुबारा संख्या देकर (XIV) कर दिया जाए ।

नलिन माधव ठाकुर,
उप-शिक्षा सलाहकार

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों तथा संघीय प्रशासनों, प्रधान मंत्री सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोकसभा-राज्यसभा सचिवालय, योजना आयोग, निर्वाचन आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को एवं निदेशक, केन्द्रीय भाषा संस्थान, मैसूर को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प भारत के राजपत्र में सर्वसाधारण के सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए ।

निरंकार स्वरूप भटनागर,
अनु सचिव

रेल मन्त्रालय
(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 15 सितम्बर 1969

सं० ई० 67 ओ० जी० 1/10/आर० बी० 1(1)—भारत सरकार ने विनिश्चय किया है कि सचिव, रेलवे बोर्ड तात्कालिक प्रभाव से रेल मंत्रालय में भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव के रूप में काम करेंगे ।

पुरुषोत्तम लाल, उप-सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 27 सितम्बर 1969

नियमावली

सं० 4/1/69 सी० आई० एस०, दिनांक 18-9-69—केन्द्रीय सूचना सेवा के ग्रेड IV की अस्थायी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन से संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगता परीक्षा के नियम सामान्य सूचना के लिये प्रकाशित किये जाते हैं ।

2. संघ लोक सेवा आयोग इस नियमावली के परिशिष्ट III में निर्धारित तरीके से परीक्षाएं लेगा ।

परीक्षा की तारीखें और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किये

3. उम्मीदवार को निम्नलिखित में से कोई एक अवश्य होना चाहिये :—

(क) भारत का नागरिक, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पूर्व भारत में आया कोई तिब्बती शरणार्थी।

(च) भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और केन्या, उगान्डा के पूर्वी अफ्रीकी देशों तथा संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजित भारतीय मूल का कोई व्यक्ति।

परन्तु शर्त यह है कि (ग), (घ), (ङ) और (च) श्रेणियों के अन्तर्गत आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो, जिसे भारत सरकार ने पात्रता प्रमाणपत्र जारी कर दिया हो।

नीचे दी गई किसी भी श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों के मामले में पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं होगा :—

(i) 19 जुलाई, 1948 से पहले पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित ऐसे व्यक्ति जो तब से साधान्यतया भारत में रह रहे हों।

(ii) 19 जुलाई, 1948 को या उसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित ऐसे व्यक्ति जिन्होंने संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में अपने आप को पंजीकृत करा लिया हो।

(iii) उपर्युक्त (च) के अधीन आने वाले ऐसे गैर-नागरिक जो संविधान के लागू होने अर्थात् 26 जनवरी 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में प्रविष्ट हो गए हों और जो तब से ऐसी सेवा में हों। लेकिन 26 जनवरी 1950 के बाद ऐसी सेवा में सेवाभंग सहित प्रविष्ट हुए या प्रविष्ट होने वाले उम्मीदवारों को सामान्य तरीके से पात्रता प्रमाणपत्र लेना होगा।

किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामले में पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक है, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है बशर्ते कि सरकार उसे आवश्यक प्रमाणपत्र दे दे।

4. किसी भी ऐसे उम्मीदवार को परीक्षा में दो बार से अधिक नहीं बैठने दिया जाएगा, जो किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन-जाति का न हो या पांडिचेरी संघ-क्षेत्र का निवासी न हो या गोवा दमन और दीव संघ क्षेत्र, का निवासी न हो या केन्या, उगान्डा और संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जन्जीबार) से प्रव्रजित न हो।

नोट—यदि उम्मीदवार एक या एक से अधिक प्रश्न पत्रों की परीक्षा में वास्तव में बैठ चुका हो तो उसे परीक्षा में बैठा हुआ माना जाएगा।

5. (क) यह परीक्षा देने वाला उम्मीदवार 1 जनवरी, 1970 को 21 वर्ष की आयु का होना चाहिये तथा 25 वर्ष से अधिक की आयु का नहीं होना चाहिये अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी 1945 से पहले और 1 जनवरी, 1949 के बाद का नहीं होना चाहिये।

(ख) ऊपर निर्धारित आयु-सीमा में छूट दी जाएगी :—

(i) अधिकतम पांच वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन-जाति का हो;

(ii) अधिकतम तीन वर्ष तक, यदि उम्मीदवार पूर्वी पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(3) अधिकतम आठ वर्ष तक, यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और पूर्वी पाकिस्तान का विस्थापित व्यक्ति भी हो तथा 1 जनवरी 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(4) अधिकतम पांच वर्ष तक यदि उम्मीदवार पांडिचेरी संघ क्षेत्र का निवासी हो और उसने किसी स्तर पर फ्रेंच के माध्यम से शिक्षा पाई हो;

(5) अधिकतम तीन वर्ष तक, यदि उम्मीदवार श्रीलंका से भारत मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित हो और अक्तूबर 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(6) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भी हो तथा अक्तूबर 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(7) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार गोवा, दमन और दीव संघ क्षेत्र का निवासी हो;

(8) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगान्डा या संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार से प्रव्रजित हुआ हो;

(9) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार बर्मा से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित हो और 1-6-1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(10) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भी हो तथा 1 जून 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(11) ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो किसी बाहरी देश के साथ हुए युद्ध के दौरान या अशान्ति क्षेत्र में संक्रियाओं में अशक्त हो गए हों और इसके फलस्वरूप उन्हें सेवा-मुक्त कर दिया गया हो;

(12) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो किसी बाहरी देश के साथ हुए युद्ध के दौरान या अशान्ति क्षेत्र में संक्रियाओं में अशक्त हो गए हों और इसके फलस्वरूप उन्हें सेवा-मुक्त कर दिया गया हो।

उपर्युक्त उपबंधों को छोड़ कर निर्धारित आयु-सीमा में किसी भी दशा में छूट नहीं दी जायेगी।

6. उम्मीदवार के पास इस नियमावली के परिशिष्ट I में उल्लिखित किसी भी विश्वविद्यालय की डिग्री होनी आवश्यक है या उसके पास इस नियमावली के परिशिष्ट II में उल्लिखित कोई भी योग्यता होनी आवश्यक है।

नोट I—ऐसा उम्मीदवार भी इस परीक्षा में प्रवेश के लिये आवेदन कर सकता है जो किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका है जिसके पास कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है लेकिन जिसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली है। इस प्रकार को अर्हता परीक्षा में बैठने का इच्छुक उम्मीदवार भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि अर्हता परीक्षा इस परीक्षा के आरम्भ होने से पूर्व हो चुकी हो। इस प्रकार के उम्मीदवार को, अन्यथा पात्र होने पर, परीक्षा में प्रविष्ट किया जायेगा लेकिन प्रवेश को अनन्तिम माना जायेगा और यदि उम्मीदवार यथाशीघ्र किसी भी दशा में इस परीक्षा के आरम्भ होने के दो मास के भीतर परीक्षा पास करने का प्रमाण नहीं देगा तो उसका प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

नोट II—संघ लोक सेवा आयोग अपवाद स्वरूप किसी ऐसे उम्मीदवार को अर्हक उम्मीदवार मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त योग्यताएं न हों बशर्ते कि उसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर, आयोग की राय में, उसे परीक्षा में प्रवेश देने के लिये न्यायसंगत हो।

नोट III—अन्यथा पात्र उम्मीदवार, जिसने किसी ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की हो जो परिशिष्ट I में शामिल नहीं है, भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग के विवेक पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है।

7. (क) कोई भी ऐसा पुरुष उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं या जो एक पत्नी के जीवित रहते हुए किसी भी दशा में विवाह कर लेता है और यह विवाह इस प्रकार की पत्नी के जीवन-काल में होने के कारण शून्य हो जाता है। परन्तु भारत सरकार यदि इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उसके द्वारा ऐसे कार्य के किये जाने का विशेष आधार है तो वह किसी भी उम्मीदवार पर यह नियम लागू होने की छूट दे सकती है।

(ख) कोई भी ऐसी महिला उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति की पात्र नहीं होगी जिसका विवाह इसलिये शून्य हो गया है कि उसके विवाह के समय उसके पति की पहली पत्नी जीवित थी अथवा जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह कर लिया है जिसके उसके साथ विवाह के समय एक पत्नी जीवित थी। परन्तु भारत सरकार यदि इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उसके द्वारा ऐसे कार्य के किये जाने का विशेष आधार है तो वह किसी भी महिला उम्मीदवार पर यह नियम लागू होने की छूट दे सकती है।

8. पहले से ही सरकारी सेवारत उम्मीदवार को, चाहे वह स्थायी हो अथवा अस्थायी, परीक्षा में बैठने के लिये अपने विभाग-ध्यक्ष से पूर्व अनुमति प्राप्त कर लेनी चाहिये।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिये और उसे किसी गठन संबंधी दोष से मुक्त होना चाहिये जिसके कारण सेवा में अधिकारी के रूप में अपनी ड्यूटी पूरी करने में उसे बाधा पड़ने की संभावना हो। यथा स्थिति, सरकार के या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित डाक्टरी परीक्षा के बाद यदि कोई उम्मीदवार इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाएगा तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी। आयोग द्वारा मौखिक परीक्षा के लिये बुलाए गए किसी भी उम्मीदवार से अपनी डाक्टरी जांच करवाने के लिये कहा जा सकता है।

10. किसी उम्मीदवार की परीक्षा में बैठने की पात्रता या अन्यथा के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

11. किसी भी ऐसे उम्मीदवार को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा जिसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाणपत्र नहीं होगा।

12. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के अनुबंध I में निर्धारित फीस अदा कर देनी चाहिये।

13. उम्मीदवार द्वारा अपनी उम्मीदवारी के लिये किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त करने का प्रयास उसे परीक्षा में प्रवेश के लिये अपात्र बना सकता है।

14. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग ने परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये छद्मव्यक्तिता या जाली दस्तावेज पेश करने या ऐसे दस्तावेज पेश करने जिन्हें छेड़ा गया है या गलत और झूठे बयान देने या वास्तविक जानकारी छिपाने या अन्यथा कोई अनियमित और अनुचित तरीका अपनाने या परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाने या अनुचित तरीके अपनाने का प्रयास करने या परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करने का दोषी घोषित किया हो तो उसे आपराधिक दंड मिलने के अतिरिक्त :—

(क) (1) उम्मीदवारों को चुनने के लिये आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा में बैठने या साक्षात्कार के लिये प्रस्तुत होने के लिये आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि के लिये या स्थायी रूप से वंचित किया जा सकता है, और

(2) केन्द्रीय सरकार की नौकरियों के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि के लिये या स्थायी रूप से वंचित किया जा सकता है।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी नौकरी में हो तो उपयुक्त नियमों के अधीन उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

15. लिखित परीक्षा में आयोग के स्वविवेक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को आयोग मौखिक परीक्षा के लिये बुलाएगा ।

16. परीक्षा के बाद आयोग प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम रूप से मिले कुल अंकों के आधार पर तैयार किये गए योग्यता क्रम से उम्मीदवारों का क्रम व्यवस्थित करेगा और इस नियमावली के परिशिष्ट III के पैरा 4 के अनुसार प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा ली गई भाषा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक संबंधित भाषा के लिये भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों की संख्या के बराबर परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के नामों की योग्यता क्रम से नियुक्ति के लिये सिफारिश करेगा । जो उम्मीदवार परीक्षा में तो सफल हो गए हों, किन्तु उपर्युक्त तरीके से आयोग ने जिनकी नियुक्ति की सिफारिश न की हो उनमें से प्रत्येक उम्मीदवार को मिले कुल अंकों के आधार पर तैयार किये गए योग्यता क्रम से आयोग उनका क्रम निर्धारित करेगा—भले ही उन्होंने इस नियमावली के परिशिष्ट III के पैरा 4 के अनुसार कोई भी भाषा ली हो—और परीक्षा के परिणामस्वरूप भरी जाने वाली शेष अनारक्षित रिक्तियों की संख्या के बराबर परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के नामों की योग्यता क्रम से सिफारिश करेगा ।

परन्तु, यथास्थिति, सेवा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिये आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति के लिये आयोग अनुसूचित जातियों और जनजातियों के किसी ऐसे उम्मीदवार की सिफारिश करेगा जो सेवा के लिये आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तो योग्य नहीं है, लेकिन प्रशासन की दक्षता को बनाये रखने की बात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने जिसे नियुक्ति के लिये उपर्युक्त घोषित कर दिया है ।

17. अलग-अलग उम्मीदवारों को परीक्षा परिणाम की सूचना देने का तरीका आयोग स्वविवेक से तय करेगा और आयोग परिणामों के बारे में उम्मीदवारों से किसी प्रकार का पत्र-व्यवहार नहीं करेगा ।

18. जब तक कि सरकार इस प्रकार की पूछताछ के बाद जिसे वह आवश्यक समझे, संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है, परीक्षा में सफलता प्राप्त कर लेने से ही नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता ।

19. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिये उतनी रिक्तियां आरक्षित रखी जायेंगी, जितनी केन्द्रीय सरकार निश्चित करे ।

20. नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जायेंगी । आवश्यकता पड़ने पर परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकती है ।

21. केन्द्रीय सूचना सेवा के ग्रेड IV की सेवा के विवरण संक्षिप्त रूप में परिशिष्ट IV में दिए गए हैं ।

22. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति का अर्थ है अनुसूचितजाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1956, संविधान (जम्मू और कश्मीर) जनजाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962, संविधान (पांडेचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968 और संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968 के साथ पढ़े गए अनुसूचित जाति/जनजाति सूची (संशोधन) आदेश, 1956 में उल्लिखित कोई भी जाति/जनजाति ।

परिशिष्ट I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(देखें नियम 6)

भारतीय विश्वविद्यालय

भारत में केन्द्र या राज्य विधानांगों के किसी अधिनियम द्वारा नगमित कोई भी विश्वविद्यालय तथा संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में घोषित कोई अन्य शैक्षिक संस्थान ।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय ।

मांडले विश्वविद्यालय ।

इंगलैंड और वेल्स के विश्वविद्यालय

बरमिंघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डरहम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन, मानचेस्टर, आक्सफोर्ड, रीडिंग, शेफील्ड और वेल्स विश्वविद्यालय ।

स्काटलैंड के विश्वविद्यालय

अबरडीन, एडिनबरा, ग्लैस्गो और सैंट एण्ड्रूज विश्वविद्यालय ।

आयरलैंड के विश्वविद्यालय

डबलिन विश्वविद्यालय (ट्रिनिटी कालेज) ।

डबलिन का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ।

क्वीन्स विश्वविद्यालय, बैलफास्ट ।

पाकिस्तान के विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय ।

ढाका विश्वविद्यालय ।

सिंध विश्वविद्यालय ।

राजशाही विश्वविद्यालय ।

नेपाल का विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू ।

परिशिष्ट II

परीक्षा में प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त योग्यताओं की सूची (देखें नियम 6)

1. शास्त्री परीक्षा काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
2. फ्रेंच परीक्षा "प्रोपेदियुतीक"।
3. नेशनल काउंसिल फार रूरल हायर एजुकेशन का ग्रामीण सेवाओं में डिप्लोमा।
4. विश्व भारती विश्वविद्यालय का ग्रामीण सेवाओं में डिप्लोमा।
5. आल इंडिया काउंसिल फार टेक्नीकल एजुकेशन का वाणिज्य में डिप्लोमा।
6. आल इंडिया काउंसिल फार टैक्नीकल एजुकेशन का सिविल या यांत्रिक या विद्युत या रसायन या धातुकर्म या खनन इंजीनियरी में डिप्लोमा।
7. आल इंडिया काउंसिल फार टेक्नीकल एजुकेशन का रसायन टेक्नालाजी या औद्योगिक रसायन या वास्तुकला या वस्त्र टैक्नालाजी या कला में डिप्लोमा।
8. श्री अरविन्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र का "उच्चतर पाठ्य क्रम" बशर्ते कि "पूर्ण छात्र" के रूप में पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया गया हो।
9. इंडियन स्कूल आफ माइन्स धनबाद का खनन इंजीनियरी में डिप्लोमा।
10. प्रथम वैज्ञानिक शोध प्रबंध के समर्थन के बिना किन्तु राज्य परीक्षा पास कर लेने के बाद सोवियत संघ की किसी उच्चतर शैक्षिक स्थापना से स्नातक उपाधि अधिप्रमाणित मानविकी और प्राकृतिक विज्ञानों के क्षेत्र में डिप्लोमा।

परिशिष्ट III

(देखें नियम 2)

1. परीक्षाओं का संचालन निम्नलिखित योजना के अनुसार किया जाएगा :—

भाग I:—नीचे पैरा 2 में दी गई लिखित परीक्षाओं के लिए अधिकतम 400 अंक होंगे।

भाग II:—उन उम्मीदवारों के लिए मौखिक परीक्षा जिन्हें आयोग बुलाए—इसके अधिकतम अंक 100 होंगे।

2. लिखित परीक्षाओं के प्रश्नपत्र, अनुमत्य समय और प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए निर्धारित अधिकतम अंक इस प्रकार है:—

प्रश्नपत्र	अधिकतम अंक	अनुमत्य समय
1. सामयिक विषयों का ज्ञान	100	3 घंटे
2. अंग्रेजी से किसी भारतीय भाषा में अनुवाद	50	1½ घंटे
3. किसी भारतीय भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद	50	1½ घंटे
4. संबंधित भारतीय भाषा में निबंध	100	3 घंटे
5. भारतीय इतिहास और संस्कृति	100	3 घंटे

3 परीक्षा का पाठ्यविवरण संलग्न अनुसूची में दिए गए प्रकार से होगा।

4. (i) प्रश्न पत्र (1) और (5) के उत्तर अंग्रेजी में देना आवश्यक है।

(ii) (2) और (4) प्रश्न पत्रों के उत्तर देने के लिए उम्मीदवारों को नीचे दी गई भाषाओं में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाएगा। उम्मीदवारों को दोनों प्रश्न पत्रों के लिए एक ही भाषा चुननी चाहिए। उन्हें अपने उत्तर नीचे दी गई संबंधित लिपियों में लिखने होंगे:—

भाषा	लिपि	भाषा	लिपि
असमिया	असमिया	उड़िया	उड़िया
बंगाली	बंगाली	पंजाबी	गुरमुखी
गुजराती	गुजराती	संस्कृत	देवनागरी
हिन्दी	देवनागरी	सिंधी	देवनागरी या अरबी
कन्नड़	कन्नड़	तमिल	तमिल
कश्मीरी	फारसी	तेलुगु	तेलुगु
मलयालम	मलयालम	उर्दू	फारसी
मराठी	देवनागरी		

(iii) उम्मीदवारों ने (2) और (4) प्रश्नपत्रों के उत्तर देने के लिए जिस भाषा को चुना है उसी भाषा से उन्हें (3) प्रश्नपत्र में अंग्रेजी अनुवाद करना होगा।

नोट:— उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के खाना 8 में उस भाषा का साफ स्पष्ट रूप से बता देना चाहिए जिसमें वे उक्त (2) और (4) प्रश्नपत्रों के उत्तर देना चाहते हैं। यदि उक्त खाने में कोई विनिष्टि नहीं की गई तो आवेदन पत्र को प्रथम दृष्टि या रद्द कर दिया जाएगा और इस रद्दगी के विरुद्ध कोई भी अपील नहीं सुनी जाएगी। एक बार चुना हुआ विकल्प अंतिम माना जाएगा और उक्त खाने में परिवर्तन करने की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. उम्मीदवारों को उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। उन्हें किसी भी दशा में उत्तर लिखने के लिए लिपिक की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. आयोग परीक्षा के किसी भी एक या सभी प्रश्नपत्रों के अर्हक अंक स्वविवेक से निश्चित करेगा।

7. मात्र सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

8. अस्पष्ट लिखावट के लिए लिखित प्रश्नपत्रों के अधिकतम अंकों में से 5 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे।

9. परीक्षा के सभी प्रश्नपत्रों में कम से कम शब्दों में व्यवस्थित, प्रभावशाली और सुस्पष्ट अभिव्यक्ति को प्रशंसनीय समझा जाएगा।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्य विवरण

1. सामयिक विषय:— इसमें वर्तमान घटनाओं और प्रतिदिन के पर्यवेक्षण और अनुभव के आधार पर ऐसी वैज्ञानिक बातों का ज्ञान सम्मिलित होगा जिसकी आशा किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया है। प्रश्न पत्र में भारत के संविधान और भूगोल से संबंधित इस प्रकार के प्रश्न होंगे जिनके उत्तर उम्मीदवार किसी विशेष अध्ययन के बिना देने योग्य हों तथा महात्मा गांधी की शिक्षाओं पर भी प्रश्न होंगे।

2. अंग्रेजी से किसी भारतीय भाषा में अनुवाद।

3. किसी भारतीय भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद।

4. संबंधित भारतीय भाषा में निबंध:—उम्मीदवारों से संबंधित भारतीय भाषा में एक निबंध लिखने के लिए कहा जाएगा। कई विषयों में से एक विषय चुनना होगा। उम्मीदवारों से यह आशा की जाती है कि वे निबंध के विषय से इधर उधर नहीं होंगे, अपने विचार व्यवस्थित रूप से लिपिबद्ध करेंगे और सुस्पष्ट लिखेंगे। प्रभावशाली और सुस्पष्ट अभिव्यक्ति को प्रसंसनीय समझा जाएगा।

5. भारतीय इतिहास और संस्कृति :—प्रश्न पत्र इस प्रकार से बनाया जाएगा कि उसमें भारतीय इतिहास के (क) प्राचीन, (ख) मध्य और (ग) आधुनिक कालों का समावेश हो जाए तथा इसमें मोटे तौर पर निम्नलिखित शीर्षकों और प्रवृत्तियों के बारे में संस्कृति संबंधी प्रश्न शामिल होंगे:—

(i) भारतीय विचार धारा तथा जीवन तथा भारतीय कला और मूर्तिकला पर बौद्ध धर्म का प्रभाव,

(ii) भारतीय सामाजिक जीवन, संगीत, चित्रकला, साहित्य और कलात्मक तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अन्य रूपों पर फारसी प्रभाव,

(iii) भारतीय संस्कृति की निरंतरता-अनेकता में एकता का विचार,

(iv) भारतीय सामाजिक जीवन पर भक्ति आंदोलन का प्रभाव—कबीर, सूरदास, तुलसीदास, तुकाराम, रामदास, मीराबाई,

(v) राजा राम मोहन राय से प्रारम्भ करते हुए उन्नीसवीं शताब्दी में और बीसवीं शताब्दी के प्रथम पचास वर्षों में भारतीय पुनर्जागरण—कारण, रूप, इससे संबंधित प्रमुख व्यक्ति और इसकी महत्वपूर्ण बातें।

ध्यान दें -I—उपर्युक्त विषय व्यापक नहीं समझे जाएंगे और पाठ्य विवरण में न दिये गये इसी प्रकार के अन्य विषयों पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

ध्यान दें - II—उम्मीदवारों से भारतीय इतिहास के प्रचीन, मध्य और आधुनिक काल में से प्रत्येक काल के न्यूनतम प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है। प्रश्नपत्र में इन तीनों कालों पर प्रश्न होंगे।

परिशिष्ट IV

(देखें नियम 21)

परीक्षा के माध्यम से जिस सेवा में नियुक्तियां की जा रही हैं उसके संक्षिप्त विवरण

केन्द्रीय सूचना सेवा में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न संगठनों के भारत भर के ऐसे पद शामिल हैं जिनके लिए पत्रकारिता और इसी प्रकार की व्यावसायिक योग्यताएं आवश्यक है। इस सेवा का गठन 1 मार्च 1960 से किया गया था।

2. सेवा के मौजूदा ग्रेड इस प्रकार हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
श्रेणी I	रु०
वरण ग्रेड	2500-125/2-2750
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—	
वरिष्ठ वेतनमान	1800-100-2000
कनिष्ठ वेतनमान	1600-100-1800
कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—	
कनिष्ठ वेतनमान	1300-60-1600
कनिष्ठ वेतनमान	1100-50-1400
ग्रेड I	700-40-1100-50/2-1250
ग्रेड II	400-400-450-30-600-35-670 –द० रो०-35-950
श्रेणी II (राजपत्रित)	
ग्रेड III	350-25-500-30-590-द० रो० 30-800
श्रेणी II (अराजपत्रित) ग्रेड	270-10-290-15-410-द० रो०-15-485

3. (i) सेवा के निम्नलिखित ग्रेडों में रिक्तियों का निम्नलिखित प्रतिशत सीधी भर्ती से भरा जाता है:—

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (कनिष्ठ वेतनमान)	12½ प्रतिशत
ग्रेड I	25 प्रतिशत
ग्रेड II	केवल स्थायी रिक्तियों का 50 प्रतिशत
ग्रेड IV	100 प्रतिशत

(ii) ग्रेड III की रिक्तियां विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों पर उन अधिकारियों के प्रवरण द्वारा भरी है जिन्होंने ग्रेड IV या किसी उच्चतर ग्रेड में किसी ड्यूटी पद पर 5 वर्ष की अनुमोदित सेवा पूरी कर ली हो।

(iii) ग्रेड II की 50 प्रतिशत स्थायी और सभी अस्थायी रिक्तियां, ग्रेड I की 75 प्रतिशत रिक्तियां और कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (कनिष्ठ वेतनमान) की 87½ प्रतिशत रिक्तियां उन

अधिकारियों का प्रवरण करके पदोन्नति द्वारा भरी जाती हैं जो अगले निम्न ग्रेडों में ड्यूटी पदों पर काम कर रहे हैं।

(iv) प्रवरण ग्रेड, वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (वरिष्ठ वेतनमान) और वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (कनिष्ठ वेतनमान) की रिक्तियां उन अधिकारियों के प्रवरण द्वारा भरी जाती हैं जो संबंधित अगले निम्न ग्रेड में ड्यूटी पदों पर काम कर रहे हैं। पदोन्नति के लिए कोई उपयुक्त अधिकारी उपलब्ध न होने की दशा में प्रवरण ग्रेड और वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड की इस प्रकार की रिक्तियां संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भरी जाती हैं। कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (वरिष्ठ वेतनमान) की रिक्तियां वरिष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर उन अधिकारियों की पदोन्नति द्वारा भरी जाती हैं जो उस ग्रेड के कनिष्ठ वेतनमान में ड्यूटी पदों पर काम कर रहे हैं।

(v) सरकार संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किसी भी ग्रेड में उस ग्रेड की नफरी के 10 प्रतिशत पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर राज्य प्रचार संगठनों के अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्दिष्ट ऐसी अवधि के लिए नियुक्त कर के भर सकती है जो पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। पदोन्नति या सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों का निर्धारण करते समय इस प्रकार से भरे गए पदों को ध्यान में रखा जाता है।

4. (i) ग्रेड IV में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को अस्थायी पदों पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है। वे नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रहेंगे। नियुक्ति प्राधिकारी के स्वविवेक से परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकती है। यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी अधिकारी के कार्य और आचरण से यह पता चले कि वह सेवा के ग्रेड IV का दक्ष अधिकारी नहीं बन सकता तो उसे या तो कार्यमुक्त कर दिया जाएगा या उसे उसके उस मूल पद पर, यदि कोई हो, पदावनत कर दिया जाएगा, जिस पर उसका पुनर्ग्रहणाधिकार है। परिवीक्षा की अवधि संतोषजनक रूप से पूरी कर लेने पर अधिकारी का ग्रेड IV की मूल नियुक्ति पर कोई अधिकार नहीं रहेगा और वह स्थानापन्न रूप में काम करता रहेगा तथा ग्रेड IV में जब कभी स्थायी रिक्तियां उपलब्ध होंगी, लागू नियमों के अनुसार उसकी पुष्टी कर दी जाएगी।

(ii) परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिकारियों को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मास कम्यूनिकेशन, किसी समाचार पत्र या समाचार एजेंसी या सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न माध्यम यूनिटों में प्रशिक्षण लेना होगा। प्रशिक्षण की कुल अवधि एक वर्ष होगी। प्रशिक्षण की अवधि और उसके स्वरूप में सरकार परिवर्तन कर सकती है। प्रशिक्षण के दौरान या उसके अंत में उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित परीक्षाएं देनी होगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान हुई परीक्षाओं में सफलता प्राप्त न करने की दशा में अधिकारी को कार्य मुक्त किया जा सकता है या उसे उसके उस मूल पद पर, यदि कोई हो, पदावनत किया जा सकता है जिस पर उसका पुनर्ग्रहणाधिकार है।

(iii) परिवीक्षा पर अधिकारी समय मान के न्यूनतम से आरम्भ करेगा। यदि किसी सरकारी कर्मचारी को नियुक्ति के लिए चुना गया तो उसका वेतन लागू नियमों के अनुसार निश्चित किया जाएगा।

5. ग्रेड IV में नियुक्त किसी भी अधिकारी को भारत में किसी भी स्थान पर सेवा के लिए तैनात किया जा सकता है। क्षेत्रीय पद धारण करने वाले किसी अधिकारी को सरकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय के किसी भी संगठन में तैनात कर सकती है। सरकार सेवा के किसी भी सदस्य से एक निर्दिष्ठ अवधि के लिए किसी भी संघ क्षेत्र के प्रचार संगठन में पद ग्रहण करने के लिए कह सकती है।

6. छुट्टी, सामान्य भविष्य निधि में अंशदान, और सेवा की अन्य शर्तों के बारे में केन्द्रीय सूचना सेवा के पदों पर नियुक्त अधिकारियों को सरकार के श्रेणी I और श्रेणी II के अन्य अधिकारियों के समान माना जाता है।

नोट:—यह बात स्पष्ट रूप से समझ लेनी चाहिए कि नियुक्तियां केन्द्रीय सूचना सेवा के गठन में किसी भी ऐसे परिवर्तन के अधीन होंगी जिन्हें भारत सरकार समय समय पर ठीक समझे और इस प्रकार के परिवर्तनों के परिणामस्वरूप, नियुक्ति पाने वाले व्यक्तियों को प्रतिपूर्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

नियमावली

सं० 4/9/68-सी०आई०एस०—सेवा-मुक्त आपात कमीशन अफसर तथा अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसर (रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली, 1967 के नियम 5 के उपबंधों के अनुसरण में केन्द्रीय सूचना सेवा के ग्रेड IV में सेवा मुक्त आपात कमीशन अफसरों/अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसरों के लिए आरक्षित अस्थायी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन से ऐसे सेवामुक्त आपात कमीशन अफसरों/अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसरों को चुनने के लिए जिन्हें सशस्त्र सेनाओं में पहली नवम्बर 1962 के बाद कमीशन मिला था, अप्रैल, 1970 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं। उपर्युक्त सेवामुक्त आपात कमीशन अफसर/अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसर (रिक्तियों का आरक्षण) नियमावली 29 जनवरी, 1971 को और इसके बाद लागू नहीं रहेगी।

2. परीक्षा के परिणामस्वरूप भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी नोटिस में निर्दिष्ट कर दी जाएगी।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियां आरक्षित रखी जाएंगी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का अर्थ है अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन), अधिनियम, 1956, संविधान (जम्मू और कश्मीर) जनजाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968 और संविधान (गोवा, दमन और

दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968 के साथ पढ़े गए अनुसूचित जाति/जनजाति सूची (आशोधन) आदेश, 1956 में उल्लिखित कोई भी जाति/जनजाति ।

3. संघ लोक सेवा आयोग इस नियमावली के परिशिष्ट III में निर्धारित तरीके से परीक्षाएं लेगा ।

परीक्षा किन तारीखों को होंगी और किन स्थानों पर होंगी इसका निश्चय संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा ।

4. इस नियमावली के उपबंधों के अधीन ऐसे सभी आपात कमीशन अफसर अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसर इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे, जिन्हें 1 नवम्बर 1962 के बाद सशस्त्र सेनाओं में कमीशन मिला था और जो इस अधिसूचना की तारीख से पहले सेवा मुक्त हो गये हों या इसके बाद 1970 के अन्त तक सेवामुक्त होने वाले हों ।

नोट :—इस नियमावली के प्रयोजन के लिये, 'सेवामुक्ति' का अर्थ है :—

(i) आपात कमीशन अफसरों के मामले में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वास्तविक सेवामुक्ति,

(ii) अल्पकालीन सेवा कमीशन अफसरों के मामले में उनकी सेवा के कार्यकाल की समाप्ति पर वास्तविक सेवामुक्ति,

(iii) सेवा की एक अवधि के बाद सशस्त्र सेनाओं में सैनिक सेवा के कारण हुई या बड़ी अशक्तता के परिणाम स्वरूप हुई अयोग्यता जो कि प्रशिक्षण के दौरान या उसके अन्त में न हुई हो और न ही जो वास्तविक सेवा में लेने से पहले इस प्रकार के प्रशिक्षण की अवधि के लिए प्रदत्त अल्पकालीन सेवा कमीशन के दौरान या उसके अन्त में हुई हो । इसके अन्तर्गत कदाचार, या अदक्षता के कारण अथवा स्वयं आवेदन करने पर सेवामुक्त अफसरों के मामले भी नहीं आते ।

टिप्पणी 2—आवेदन पत्र भेज देने के बाद यदि किसी उम्मीदवार को सशस्त्र सेनाओं में अस्थायी कमीशन मिल जाए या वह सशस्त्र सेनाओं से त्यागपत्र दे दे या उसे कदाचार, अदक्षता के कारण अथवा स्वयं आवेदन करने पर सेवामुक्त कर दिया जाए तो ऐसे व्यक्ति की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।

नोट 3—केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों या सरकारी स्वामीत्व के औद्योगिक उपक्रमों में नियोजित ऐसे इंजीनियर या आफटर इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे जिन्हें अनिवार्य दायित्व योजना के अधीन न्यूनतम निर्धारित अवधि के लिए सशस्त्र सेनाओं में सेवा करनी पड़ती है या जिन्हें इन सेवाओं की अवधि के दौरान में संबंधित नियमों के अधीन अल्पकालीन सेवा कमीशन दिया गया है ।

नोट 4—सशस्त्र सेनाओं की वालिंटियर रिजर्व फोर्स और अस्थायी सेवा के लिए बुलाए गए अफसर इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे ।

5. उम्मीदवार को निम्नलिखित में से कोई एक अवश्य होना चाहिए :—

(क) भारत का नागरिक, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पूर्व भारत में आया तिब्बती शरणार्थी, या

(च) भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्री लंका और केन्या, उगान्डा के पूर्वी अफ्रीकी देशों तथा संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जन्जीबार) से प्रव्रजित भारतीय मूल का कोई व्यक्ति । परन्तु शर्त यह है कि (ग), (घ), (ङ), और (च) श्रेणियों के अंतर्गत आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति हो जिसे भारत सरकार ने पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया हो ।

नीचे दी गई किसी भी एक श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवारों के मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक नहीं होगा :—

(i) 19 जुलाई, 1948 से पूर्व पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित ऐसे व्यक्ति जो तब से सामान्यतया भारत में रह रहे हों ।

(ii) 19 जुलाई, 1948 को या उसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित ऐसे व्यक्ति जिन्होंने संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में अपने आप को पंजीकृत करा दिया हो ।

(iii) उपर्युक्त (च) के अधीन आने वाले ऐसे गैरनागरिक जो संविधान के लागू होने अर्थात् 26 जनवरी 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में प्रविष्ट हो गए हों और जो तब से ऐसी सेवा में हों । लेकिन 26 जनवरी, 1950 के बाद ऐसी सेवा में सेवाभंग सहित प्रविष्ट हुए या प्रविष्ट होने वाले उम्मीदवारों को सामान्य तरीके से पात्रता प्रमाण-पत्र लेना होगा ।

किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक है परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है बशर्ते कि सरकार उसे आवश्यक प्रमाण पत्र दे दे ।

6. (क) उम्मीदवार को उस वर्ष की पहली जनवरी को 25 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर लेनी चाहिए जिस वर्ष उसने सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया हो अथवा उसे कमीशन मिला हो (जिन मामलों में केवल कमीशन के बाद प्रशिक्षण दिया गया हो) ।

(ख) ऊपर निर्धारित आयु सीमा में छूट दी जाएगी :—

(i) अधिकतम पांच वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो;

(ii) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार पूर्वी पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और

1 जनवरी 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(iii) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और पूर्वी पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो तथा 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(iv) अधिकतम पांच वर्ष तक यदि उम्मीदवार पांडेचरी संघ क्षेत्र का निवासी हो और उसने किसी स्तर पर फ्रेंच के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो;

(v) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार श्रीलंका से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(vi) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भी होता या अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(vii) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार गोवा, दमन और दीव संघ क्षेत्र का निवासी हो;

(viii) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगांडा या संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगनिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हुआ हो;

(ix) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार बर्मा से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित हो और 1 जून 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(x) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से भारतीय मूल का वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भी हो तथा 1 जून, 1963 को या उसके याद भारत में प्रव्रजित हुआ हो;

(xi) ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो किसी बाहरी देश के साथ हुए युद्ध के दौरान या अशान्ति क्षेत्र में संक्रियाओं में अशक्त हो गए हों और इसके फलस्वरूप कर उन्हें सेवामुक्त कर दिया गया हो;

(xii) अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो किसी बाहरी देश के साथ हुए युद्ध के दौरान या अशान्ति क्षेत्र में संक्रियाओं में अशक्त हो गए हों और इसके फलस्वरूप उन्हें सेवामुक्त कर दिया गया हो,;

(xiii) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार ने 1963 में सशस्त्र सेनाओं में कमिशन पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया हो या उसे कमीशन मिल गया हो (जिन मामलों में केवल कमीशन के बाद प्रशिक्षण दिया गया हो) और वह पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो;

(xiv) अधिकतम आठ वर्ष तक यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और उसने 1963 में सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया हो या उसे कमीशन मिल गया हो (जिन मामलों में केवल कमीशन के बाद प्रशिक्षण दिया गया हो) और वह पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो;

(xv) अधिकतम चार वर्ष तक यदि उम्मीदवार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का निवासी हो और उसने 1963 या 1964 या 1965 में सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया हो या उसे कमीशन मिल गया हो (जिन मामलों में केवल कमीशन के बाद प्रशिक्षण दिया गया हो);

(xvi) अधिकतम तीन वर्ष तक यदि उम्मीदवार भारत का नागरिक हो और श्रीलंका से देश प्रत्यावर्तित हो तथा उसने 1963 या 1964 या 1965 में केवल सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में भाग लिया हो या उसे कमीशन मिल गया हो (जिन मामलों में केवल कमीशन के बाद प्रशिक्षण दिया गया हो)।

उपर्युक्त उपबंधों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी दशा में छूट नहीं दी जाएगी।

7. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में दो बार से अधिक बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

